<u>एनसीसी के अंतर्गत मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस</u>

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में 22 अप्रैल 2025 को एनसीसी के अंतर्गत महाविद्यालय प्रधान श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता, महासचिव श्री दिनेश कुमार गुप्ता एवं प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया । पृथ्वी दिवस जिसकी शुरुआत अमेरिकी सीनेटर नेल्सन ने की थी । उन्होंने 22 अप्रैल 1970 को पहले पृथ्वी दिवस आयोजित किया । इसका अर्थ पर्यावरणीय शिक्षा दिवस से है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाना है । कार्यक्रम का आरंभ एक मोटिवेशनल वीडियो के द्वारा किया गया जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में पृथ्वी दिवस के बारे में जागरूकता बढ़ाना है । इस अवसर पर कविता पाठ और भाषण गतिविधियों का आयोजन किया गया । एनसीसी सीनियर विंग कैडेट खुशी, पूजा, खुशबू, भविश और वंदना ने कविता के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत कर पृथ्वी के संरक्षण का संदेश दिया । भाषण में कैडेट रिया, इशू, डॉली, खुशी, परमजीत और आनंद ने अपने वक्तव्य में पृथ्वी को ओर अधिक साफ व सुरक्षित करने पर जोर दिया तथा आधुनिक समय में बढ़ते दूषित पर्यावरण से पृथ्वी को बचाने का संकल्प सभी से कराया । अंत में एनसीसी अधिकारी सब. लेफ्टिनेंट पूजा सैनी ने कैडेट्स को अथर्ववेद में वर्णित पृथ्वी सूक्त के बारे में बताया कि पृथ्वी हमारी माता है, हम सब उनकी संतान है, ऐसा मानकर माता की सेवा करने का आग्रह किया । इन गतिविधियों से एनसीसी के 24 कैडेट्स लाभान्वित हुए ।